Pregancy & Women's Health

एचआईवी
गर्भधारण और महिलाओ का स्वास्थ्य

Nava Kiran Plus
Treatment, Care, Support & Advocacy
नव किरण प्लस
बुढानिलकण्ठ, काठमाडौं, फोन : २१५१५००
www.nkplus.org
i-Base

एच.आई.भी, गर्भधारण तथा महिलाओ का स्वास्थ्य

अनुवाद और सम्पादन

नव किरण प्लस

उपचार प्रवर्द्धन कार्यक्रम

बूढानिलकण्ठ, काठमाडौं

फोन : २१५१५००

This publication is made possible through the support of I-Base, UK

विषयसूची

१. परिचय
२. सामान्य प्रश्न
३ और अधिक जानकारी
४. माँ को कैसे स्वास्थ बनाये रखे
५. गर्भधारण की योजना बनाते समय
६. बच्चे पैदा होने से पहले की जाने वाली देखभाल और एच.आई.वी उपचार
७. दवाइयो से प्रतिरोध, उनुगमन तथा और परीक्षण
८. एच.आई.वी की दवाइयाँ तथा बच्चे का स्वास्थ
९. बच्चे पैदा करने के तरिके का चुनाव तथा सिसेक्सन
१०. बच्चे के जन्म के बाद
११. स्तन पान, खतरा, चुनाव
१२. अन्य किताबो द्वारा प्राप्त कुछ जानकारीयाँ
१३. दवाओ के प्रति नियमितता और अनुरुपता
१४. दवाओं के नियमितता और अनुरुपता परीक्षण

इस किताब का उद्धेश्य आधारभूत जानकारीयाँ उपलब्ध कराना है, इसमे उल्लेखित उपचार प्रविधी डाक्टर या स्वास्थ्य कर्मी के सलाह अनुसार करना चाहिए ।

परिचय



यह एच.आई.वी गर्भधारण तथा संक्रमित महिलाओ के स्वास्थ्य नामक किताब का दुसरा प्रकाशन है। एच.आई.वी संक्रमित महिलाओं को गर्भधारण के समय में दिये जाने वाले निर्देशन हमारा पहला प्रकाशन निकलने के बाद इस मे कुछ सुधार के साथ ही परिर्वतन भी हुआ है। इन परिर्वतन को इस दुसरे प्रकाशन मे दिखाया गया है। इस प्रकाशन में किये गये कुछ महत्वपूर्ण परिर्वतन इस प्रकार हैं।

- प्रतिरक्षा कोषों की संख्या (सि.डी.फोर) जिन महिलाओ मे अधिक है। उनको नेभिरापिन प्रयोग न करने की सलाह दी जाती है। इनमे कुछ महिला गर्भवती भी हो सकती हैं।
- एच.आई.वी तथा हेपाटाइटिस के संयुक्त संक्रमण बारे जानकारियाँ
- बच्चे पैदा करने के तरिके के चयन बारे विस्तृत जानकारी (साधारण प्रसव द्वारा या सी सेक्सन अप्रेशन के प्रयोग द्वारा)

सामान्य प्रश्न

यदि आप बच्चा पैदा करना चाहते हैं या गर्भवती है या ऐसी अवस्था मे एच.आई.वी उपचार द्वारा आपको अधिक से अधिक सहायता पहुचाना इस किताब का उद्देश्य है। इसमे पायी जाने बाली जानकारीयाँ आपके गर्भावस्था के प्रत्येक अवस्था मे (गर्भधारण से पहले, गर्भाधारण के समय तथा गर्भधारण के बाद) आपको सहयता पहुँचायेगी यह विश्वास रखते हैं। यदि आपने एच.आई.वी उपचार आरम्भ किया है या नही किया है, किसी भी अवस्था मे यह किताब आपको उपयोगी हो सकती है। इस किताब मे आपके स्वास्थ और बच्चे के स्वास्थ्य के बारे मे महत्वपूर्ण जानकारियाँ दी गई हैं।

यदि आपको अपने एच.आई.वी संक्रमित होने की जानकारी हाल ही मे प्राप्त हुई है तब आप अपने जीवन के सबसे कठिन तथा विच्चलित अवस्था में यह किताब पढ् रहे हैं। आप गर्भवती हैं या आप एच.आईं.वी संक्रमित है और गर्भवती भी है। इन दोनो बातों की जानकारी एक साथ प्राप्त होने पर आपको और अधिक कठिनाई हो सकती हैं।

इस किताब के अध्ययन से पहले आप एच.आई.वी के विषय में अनभिज्ञ भी हो सकते है या ऐसा भी हो सकता है कि आप एच.आई.वी के विषय मे किसी प्रकार की जानकारी न रखते हो। एच.आई.वी उपचार और देखभाल तथा गर्भधारण सम्बन्धि कितने नये शब्द, नाम तथा अवस्थाओं के विषय मे इस किताब के अध्ययन से जानकारी प्राप्त होगी। इन नये शब्दो अवस्थाओ के विष्य मे सरल रुप से व्याख्या के साथ ही इसका सही अर्थ और प्रभावों के बारे मे विस्तृत जानकारी प्रदान करने का प्रयास किया गया है।

हम विश्वास करते है कि आपकी स्थिति बहुत मुस्किल और कठिन होने पर भी धिरे धिरे इससे सुधार आता जायेगा। महत्वपूर्ण बात यह है कि इन दिनों एच.आईं.वी उपचार प्रविधि मे काफी सुधार हो रहा है। विशेषत: एच.आई.वी संक्रमित गर्भवती महिलाओं के लिए आजकल सरल और उन्नत पद्धतियाँ उपलब्ध हैं।

आपको सहयोग पहुचाने वाले व्यक्ति सेवा केन्द्र आदि तथा जानकारी के बहुत से श्रोत उपलब्ध है कुछ महत्वपूर्ण सम्पर्क परामर्श केन्द्रो की जानकारी इस किताब मे समावेश किया गया है। गर्भवती महिलाओं को सामान्यता दिये जाने वाले परामर्शों से पूर्ण उल्लेखित श्रोतो तथा किताब मे दि गई जानकारीयाँ भिन्न भी हो सकती हैं। क्योकि हमारे परामर्श मे तथा जानकारियों में दवाइयो, उपचार, सेजोरियन सि सेक्सन तथा स्तनपान के विषय और अधिक जानकारियाँ उपलब्ध है।

एच.आई.वी संक्रमित व्यक्तियो को संक्रमण के विषय मे जानकारी प्राप्त होने पर भी इस कठिन परिस्थिति से निकलने मे काफी समय लग जाता है। इससे बाहर निकलने के बाद ही वे उपचार के विषय मे सोच सकते है। पर यदि गर्भवती होने पर अपने एच.आई.वी से संक्रमित होने की जानकारी प्राप्त होने पर आपको भावनात्मक रुप से सम्हालने के लिए उतना समय नही प्राप्त होता है। ऐसी अवस्था मे कुछ ऐसे निर्णय लेने पढ्ते है, जिनका तुरन्त निर्णय करना आवश्यक होता है। आप जैसा भी निर्णय ले आपको प्राप्त जानकारी और सलाह के अनुसार आपको जैसा उचित लगे वैसा ही कर सकते है।

एच.आई.वी संक्रमित व्यक्तियो को संक्रमण के विषय मे जानकारी प्राप्त होने पर भी इस कठिन परिस्थिति से निकलने मे काफी समय लग जाता है। इससे बाहर निकलने के बाद ही वे उपचार के विषय मे सोच सकते है।

पर यदि गर्भवती होने पर अपने एच.आई.वी से संक्रमित होने की जानकारी प्राप्त होने पर आपको भावनात्मक रुप से सम्हालने के लिए उतना समय नही प्राप्त होता है । ऐसी अवस्था मे कुछ ऐसे निर्णय लेने पढ्ते है, जिनका तुरन्त निर्णय करना आवश्यक होता है । आप जैसा भी निर्णय ले आपको प्राप्त जानकारी और सलाह के अनुसार आपको जैसा उचित लगे वैसा ही कर सकते है ।

यदि निर्णय लेते समय आपको कठिनाई या मुस्किल महसुस हो रही हैं, तब ऐसी स्थिति मे निम्न बाते आपको सहयोग पहुचा सकते हैं ।

- दिल मे आने वाले सभी प्रश्न किजिए ।
- डाक्टर के पास जाते समय एक दोस्त को साथ रखे ।
- आपकी ही स्थिति वाली महिलाओ से सलाह मशविरा किजिए ।

अधिक सक्रिय एन्टीरेट्रो वाइरल थेरापी (हाईली एक्टिब एन्टीरेट्रो वाइरल थेरापी)

हार्ट : *हार्ट एच.आई.वी उपचार के लिए तीन या इससे अधिक दवाओ के समिश्रण के प्रयोग करने की प्रविधि है ।*

- *एच.आई.वी विरुद्ध की दवाओं को एक एक करके प्रयोग करने पर (मानो थेरापी) उतना प्रभाव कारी वा सक्षम नही होते लेकिन यदि दवाओ के उपयुक्ता के अनुसार चयन करके समिश्रण बनाकर प्रयोग करने पर बहुत प्रभावकारी और सक्षम हो सकते है ।*
- *इस विषय मे अधिक जानकारी के लिए हमारे प्रकाशन (समिश्रण थेरापी परिचय देखिये)*

आपके गर्भधारण सम्बन्धी निर्णय व्यक्ति गत होते हैं । इसलिए इसके विषय मे अधिक से अधिक सही जानकारी प्राप्त होने पर सही निर्णय लेने मे आसानी होती है या लेना सम्भव होता है ।

आपके द्वारा अपने लिए किया जाने वाला निर्णय ही, सहि निर्णय होगा । इसलिए ऐस निर्णय लेने से पहले एच.आई.वी तथा गर्भधारण के विषयमे अधिक से अधिक जानकारियाँ प्राप्त करे ।

क्या, एच.आई.वी संक्रमित महिला बच्चे पैदा कर सकते है ?



एच.आई.वी संक्रमित महिलाये एच.आई.वी उपचार के सहायता से सन्तान पैदा कर सकती हैं, विश्व भर की संक्रमित महिलायें

गर्भधारण के समय एन्टीरेट्रो वाइरल दवाओं का प्रयोग १० वर्ष पहले से कर रही थी । हाल ऐसा करने के लिए कमसे कम तिन एन्टीरेट्रो वाइरल दवाओ समिश्रण प्रयोग किया जाता है ।ये उपचार प्रयोग करने वाले महिलाओं के जीवन मे अच्छा परिर्वतन आया है ।

एच.आई.वी उपचार द्वारा एच.आई.वी संक्रमित माँ तथा बच्चे के स्वास्थ्य मे बहुत बडा प्रभाव पड्ा है । इसके कारण और संक्रमित महिलाओं को बच्चे पैदा करने मे हौसला प्राप्त हुआ है । आपके द्वारा किये गये एच.आई.वी उपचार से आपके बच्चे को एच.आई.वी संक्रमण से बचाता है ।

वाइरल लोड का परीक्षण : *इन परीक्षण द्वारा रक्त में पायें जाने वाले वाइरस की संख्या परीक्षण किया जाता है । वाईरस सख्या प्रति कपि और प्रति मि.लि मे किया जाता है । जैसे २०,००० कपि प्रति एम.एल :*

- *भाइरल लोड एच.आई.वी के विकास क्रम परीक्षण का एक माध्यम है । इस परीक्षण का मुख्य उद्देश्य आपके वाइरल लोड को ५० कपि प्रति एम.एल से निचे रखना है । ऐसा करने से ये दिखाई नही पढ्ते है ।*
- *यदि किसी महिला का बच्चे पैदाईस के समय वाइरल लोड मे खाई देने वाली अवस्था अर्थात् ५ कपि प्रति एम.एल है तब माँ से बच्चे मे एच.आई.वी संक्रमण की सम्भावना शुन्य के बराबर होती है ।*

एच.आई.वी उपचार केवल आपके स्वास्थ्य के लिए ही फायदा जनक न होकर आपके बच्चे का एच.आई.वी संक्रमण कम करने मे भी सक्षम हैं । वे संक्रमित महिलाये जो एच.आई.भी उपचार के क्रम नही है । उनके द्वारा पैदा २५ प्रतिशत बच्चे एच.आई.वी संक्रमित होते हैं । यह प्रतिशत बहुत अधिक है, क्योकि आधुनिक एच.आई.वी उपचार से माँ द्वारा बच्चे मे एच.आई.वी संक्रमण की सम्भावना करिब नगण्य ही है ।

माँ से बच्चे मे किस प्रकार एच.आई.वी संक्रमण होता है ?

माँ से बच्चे मे एच.आई.वी संक्रमण किस प्रकार होता है वास्तविक कारण अभीतक प्राप्त नही हुआ है । यह संक्रमण अधिकतर बच्चा पैदा होते समय अथवा प्रसव पिडा के समय

एच.आई.वी संक्रमण : *एच.आई.वी संक्रमण का अर्थ एच.आई.वी का वाइरस एक व्यक्ति से दुसरे व्यक्ति मे संक्रामित होना है । इस प्रकार का संक्रमण माँ से बच्चे पर होने को (मदर टु चाईल्ड) एम.टि.सि.टि, प्रिनेटल अथवा भर्टिकल संक्रमण कहते है ।*

- *इस प्रकार के एच.आई.वी संक्रमित बच्चे को भर्टिकल रुप मे संक्रमित बच्चे कहते है ।*

होती है। माँ द्वारा बच्चे को स्तनपान कराते समय भी यह संक्रमण हो सकता है। कुछ विशेष कारणों से एच.आई.वी संक्रमण प्रसव पिडा के समय अधिक होने की सम्भावना होती है। इन कारणों मे प्रमुख कारण माँ वाइरल लोड प्रसव पिडा के समय बढ्ने के कारण है।

इसी कारण एच.आई.वी संक्रमित किसी भी व्यक्ति के उपचार का मुख्य उद्देश्य, उसके वाइरल लोड को ५० कपि प्रति एम.एल से निचे रखता है। बच्चे के पैदाईस के समय भी यह बात आवश्यक है। बच्चे पैदाईस के समय पानी बहने की अवस्था में तथा बच्चे के पैदाईस के बीच के समय में भी संक्रमण का खतरा बहुत अधिक होता है। इस समयको "डयुरेशन आफ रप्चर्ड मेम्बरेल" भी कहते हैं। गर्भवती होने पर या नहोने पर महिलायाओ द्वारा एच.आई.वी उपचार आवश्यक है। माँ के द्वारा बच्चे मे होने वाला एच.आई.वी संक्रमण की सम्भावना के अन्य कारणों में समय से पहले जन्म (प्रिमेच्वर ब्रर्थ) तथा गर्भावस्था मे देखभाल की कमी समविष्ट हैं।

दवाइयों के साथ प्रतिरोध :

- *आप एच.आई.वी के केवल एक दवाई (मोनो थेरापी) वा विभिन्न दवाओं के समिश्रण (हार्ट) प्रयोग कर रहे हैं। पर ये इन समिश्रण द्वारा आपके वार्यरल लोड को ५० कपि प्रति एम.एल से निचे न होने पर उन दवाओ के साथ एच.आई.वी प्रतिरोध माना जाता है। उस दवाई की क्षमता कम होती है अथवा यह उपयोगी नही होती*
- *इन प्रतिरोध से बचने के लिए कम से कम तीन एन्टीरेट्रो वाइरल दवाओ के समिश्रण प्रयोग करना पढ्ता है।*
- *गर्भाधारण में दवाओं के प्रतिरोध से बचना आवश्यक है।*

याद रख्ने वाली कुछ महत्वपूर्ण बाते

- एच.आई.वी संक्रमित माँ के स्वास्थ्य का सीधा सम्बन्ध बच्चे के स्वास्थ्य से होता है।
- यदि बच्चा एच.आई.वी संक्रमित पैदा होगा तब पिता के एच.आई.वी संक्रमित होने या न होने से कोई सम्बन्ध नही रखता
- आपके बच्चे मे एच.आई.वी संक्रमण होना या न होना आपके और बच्चों से सम्बन्ध नही रखता

क्या गर्भवती महिलाओं का स्वतः एच.आई.वी परीक्षण किया जाता है ?

ऐसा विश्वभर मे अधिकतर नही किया जाता है। इगलेण्ड के स्वास्थ्य कर्मी द्वारा प्रत्येक गर्भवती महिलाओं का एच.आई.वी परीक्षण करना आवश्यक

होता है। यह नियम १९९९ से आरम्भ हुआ है। यह गर्भवती होने से पहले कि आवश्यक तैयारी का एक भाग है। प्रत्येक गर्भवती महिला के लिए एच.आई.वी परीक्षण करवाना आवश्यक है। एच.आई.वी संक्रमित है या नही इसकी जानकारी प्राप्त होने से माँ के लिए अपने उपचार तथा अपने स्वास्थ्य की देखभाल करने की क्षमता मे वृद्धि होती है। इस प्रकार एच.आई.वी परीक्षण करवाने से आप संक्रमित है या नही, यह जानकारी प्राप्त होने पर भी आपने शिशु का अपने द्वारा होने वाले संक्रमण मे कैसे बचाया जा सकता है। इस बात की माँ को जानकारी भी होती है।

एच.आई.वी उपचार की दवाईयाँ कैसे बच्चे को एच.आई.वी संक्रमण से बचाती ह ?

एच.आई.वी विरुद्ध उपचार प्रविधीयों का पहला उद्देश्य संक्रमित माताओं से पैदा होने वाले बच्चों को संक्रमण से बचाना। या इस विषय में एक अमेरिकी तथा फ्रान्सेली प्रयोग संयुक्त रुप मे किया गया था इसका परिणाम १९९४ मे निकला गया था। संक्रमित महिलाओ द्वारा एच.आई.वी उपचार की ए.जे.टि नामक दवा प्रयोग करने पर, उनके द्वारा पैदा होने वाला बच्चा उनके संक्रमण से बच सकता है। इस बातकी जानकारी इस अध्ययन द्वारा प्राप्त हुआ है। बच्चा पैदाईश के समय माँ द्वारा ए.जे.टि का सेवन कराने पर तथा बच्चा पैदा होने के ६ महिना बाद बच्चे को ए.जे.टि का सेवन कराने पर एच.आई.वी संक्रमण की सम्भावना २५ प्रतिशत से ८ प्रतिशत से भी कम हो जा है।

१९९४ के बाद यह प्रविधी सभी एच.आई.वी संक्रमित गर्भवती ओ

- *प्रतिरक्षात्मक कोशों का अर्थ एक प्रकार का सफेद रक्त कोष है। जिससे हमारे शरीर को संक्रमण से लड्ने मे मदत पहुचाती है। इन कोषो को भी एच.आई.वी का संक्रमण होता है। तथा अपना प्रतिरुप बनाने और आगे बढ्ने मे सहायता पहुँचाता है।*
- *आपके सिडी फोर काउण्ट का अर्थ शरीर के क्युविक मिलि लिटर रक्त मे सिडी फोर कोषों की संख्या है। सिडि फोर काउण्ट एच.आई.वी स्थिति का परीक्षण नापतौल हैं। व्यक्तियो मे सिडी फोर भिन्न होते है। एक साधारण व्यक्ति का सिडी फोर काउण्ट ४०० से १००० सेल पर मि.मि क्यूव होता है।*

  कुछ कारण जैसे थकान, विमार होने पर अथवा गर्भवती होने पर सिडी काउण्ट कम होता है।

को अपनाने की सलाह दि जाने लगी। नब्बे के दशक के अन्त तक एच.आई.वी दवाओं की समिश्रण प्रविधी अधिक मात्रा के प्रयोग किया जाने लगा और इस प्रविधी मे और अधिक सुधार किया गया हैं।

- *यदि सिडीफोर काउण्ट २०० सेल पर मि.लि क्यूब से कम होने पर इसको सिडीफोर काउण्ट कम माना जाता है। इस निचले तह में पहुचने से पहले उपचार आरम्भ करने की सलाह दी जाती है। यदि आपका सिडीफोर काउण्ट २०० सेल पर एम.एम से कुछ कम होने पर आपका शरीर और कमजोर होता है।*
- *प्रिनेटल अर्थात् बच्चो पैदा होने से पहले की अवस्था है, इस समय फिट्स (विकासति हो रहा बच्चा) गर्भ मे विकासित होता है।*
- *अवसरवादी संक्रमण ऐसा संक्रमण है, जिस के द्वारा सिडी फोर काउण्ट कम होने पर विभिन्न बडी बिमारिया हो सकती है। प्रतिरोधात्मक शक्ति बलवान तथा स्वास्थ व्यक्तियों मे प्राय संक्रमण नही होता एच.आई.भी संक्रमित व्यक्तियो ने होने वाले अवसर वादी संक्रमण जैसे पि.सी.पि, सि.एम.मि तथा एम.ए.सि है।*

एच.आई.वी दवाओ का समिश्रण प्रविधी प्रयोग करने के बाद माँ द्वारा बच्चे में एच.आई.वी के संक्रमण की मात्रा हाल १ प्रतिशत से कम है। ए.जे.टि गर्भवती अवस्था में प्रयोग की जाने वाली लाइसेन्स प्राप्त एक मात्र एच.आई.वी दवा है। इसी कारण कुछ डाक्टर सक्रमित महिला गर्भवती होने पर एच.आई.वी उपचार की दवाओं मे ए.जे.टि को समावेश करते हैं। पर यदि आपको ए.जे.टि से प्रतिरोध होने पर ए.जे.टि का प्रयोग नही करना चाहिए। कुछ महिलाओ द्वारा इसका प्रयोग न करने का कारण इसके नकारात्मक परिणामो जिनको सहन करना बहुत कठिन होता है अथवा वे पहिले से ही किसी प्रभावकारी भरोसे मन्द वा सुरक्षित ऐसा समिश्रण प्रयोग कर रही है जिस से ए.जे.टि नही हैं।

ए.जे.टि के प्रयोग द्वारा माँ से बच्चे मे एच.आई.वी संक्रमण दर मा के द्वारा ए.जे.टि प्रयोग न करने पर भी एक समान ही होता है। कहावत है कि माँ के लिए उपयुक्त बच्चे के लिए भी उपयुक्त होता है। यहाँ समझने के लिए महत्वपूर्ण बात यह है कि गर्भवती महिलाओं में एच.आई.वी, दवाइयों के समिश्रण प्रविधी द्वारा बहुत अधिक सफलता प्राप्त होने पर भी तथा इनमे बहुत अधिक सुधार होने पर भी यह प्रक्रिया अभी आरम्भीक अवस्था मे ही

है। इनके लाभ और नुकसान के विषय मे स्वास्थ्य कर्मीयो से सलाह लेना आवश्यक है। जिनके द्वारा आपको कुछ जानकारीयाँ प्राप्त हाती हैं। कुछ नयी बाते जो कुछ समय के लिए और लम्बे समय के लिए भी लाभ दायक हो सकती हैं।

अरु संक्रमणहरुसँग लड्न अझ कमजोर हुन्छ।

- *प्रिनेटल भनेको बच्चा जन्मिनु अघिको अवधि हो। यो समयमा फिटस (विकसित हुदै गरेको बच्चा) गर्भभित्र विकसित हुन्छ।*
- *अवसरवादी संक्रमण भनेका यस्ता संक्रमणहरु हुन् जसले गर्दा सि.डि फोर काउन्ट तल भएको मानिसहरुलाई अन्य ठूला रोगहरु लाग्छन्। प्रतिरोधात्मक शक्ति बलियो तथा स्वस्थ भएको मानिसहरुमा अवसरवादी संक्रमणहरु प्रायः हुँदैनन्। एच.आई.भी संक्रमित मानिसहरुमा हुने अवसरवादी संक्रमणहरुका केहि उदाहरणहरु पि.सि.पि, सि.एम.भि तथा एम.ए.सि हुन्।*

क्या गर्भावस्था के समय में एच.आई.वी दवाओ का प्रयोग सुरक्षित है ?

अधिकतर अवस्था में गर्भवती महिलाओं को किसी प्रकार की दवा आदि का प्रयोग न करने की सलाह दी जाती है। पर गर्भावस्था मे एच.आई.वी. उपचार के विषय में यह बात लागु नही होता। यह भिन्नता समझने मे कुछ कठिनाई हो सकती है।

गर्भावस्था मे एच.आई.वी की दवा प्रयोग करना क्या सुरक्षित हो सकते है ?

यह कहना कठिन है एच.आई.वी की कुछ दवाईयाँ ऐसी है जिनका गर्भावस्था मे प्रयोग नही किया जा सकता है। फिर भी हजारों की संख्या मे महिलाये गर्भावस्था में एच.आई.वी उपचार प्रविधी प्रयोग कर चुर्के है तथा उनके द्वारा उत्पन्न बच्चे भी स्वास्थ्य और समस्या रहित पैदा हुये हैं।

अधिकतर ये बच्चे एच.आई.वी संक्रमित नही हैं। यदि आप बच्चो पैदा होने से पहले अपने डाक्टर से अच्छी तरह आपके और होने वाले बच्चे के लिए (क्या लाभदायक और क्या हानी कारक है) इस बारे मे बातचीत और सलाह लेने से आपको पुरी जानकारी प्राप्त होगी और आपको निर्णय लेने मे आसानी हो सकती है।

आपके स्वास्थ्य कर्मी के पास बच्चा पैदा होते समय होने वाली नुकसान की तालिका हो सकती है। इस तालिका मे १९८९ के आगे के आँकडे हैं।

जिससे गर्भ के अन्दर बच्चों में एन्टीरेट्रोवाइरल का प्रभाव तथा उन बच्चो के पैदाईस के समय होने वाले नुकसान के बारे मे दिया गया है यह तालिका WWW.apregistry.com मे प्राप्त कर सकते है ।

अभी तक इन तालिका द्वारा तुलनात्मक रुप में एच.आई.भी की दवाइयों के प्रयोग कर रही माताओं द्वारा पैदा बच्चों मे होने वाले जन्म दोष के दर मे और एच.आई.भी उपचार प्रयोग नही करने वाली माताओं द्वारा पैदा हुये बच्चो के जन्म दोष दर मे किसी प्रकार की उल्लेखनीय वृद्धि नही है ।

क्या गर्भवती होने से मेरे स्वास्थ्य में गलत (बुरा) प्रभाव पढ़ेगा ?

एच.आई.वी संक्रमित महिलाओं गर्भवती होने पर इससे उनके स्वास्थ्य मे काई प्रभाव नही पढ्ता । इससे एच.आई.वी का और विकास नही होता है । पर गर्भवती होने पर आपका सि.डी फोर काउण्ट निचे गिर सकता है । यह गिरावट प्रायः ५० सेल. लि क्यूब का होता है पर व्यक्तियों व्यक्तियों मे इसमे भिन्नता हो सकती है । सिडी फोर काउण्ट का यह गिरावट अस्थाई होता है ।

सामान्यता आपके सिडीफोर काउण्ट संख्या बच्चा पैदा होने के बाद गर्भधारण से पहले की सि.डी फोर काउण्ट संख्या बराबर ही होता है । यदी आपका सि.डी फोर काउण्ट २०० सेल पर मि.मि क्यूब से निचे गिरता है तब यह एक चिन्ता का विषय बन सकता है । क्योकि ऐसा होने पर आपको अवसरवादी संक्रमण का खतरा हो सकता है । इन संक्रमण का प्रभाव आप और आपके बच्चे दोने मे पढ् सकता है । जिसके कारण तुरुन्त उपचार की आवश्यकता पढ्ती है । सामान्यता इन संक्रमण के उपचार की आवश्यकता गर्भवती और साधारण दानो के लिए आवश्यक है ।

एच.आई.वी उपचार मे संलग्न महिलाओ की गर्भावस्था को एच.आई.वी उपचार से किसी प्रकार का असर नही पढ्ता । गर्भावास्था के दौरान किसी प्रकार का अवसारवादी संक्रमण न होने से बच्चे के स्वास्थ्य मे भी किसी प्रकार का प्रभाव नही पढ्ता है ।

और अधिक जानकारियाँ

यह किताब एच.आई.वी तथा गर्भधारण सम्बन्धी जानकारी के लिए है एच.आई.वी उपचार तथा देखभाल के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारियाँ आई.बेस के अन्य किताबों मे दिया गया है ।

- एच.आई.वी का समिश्रण उपचार प्रविधी
- एच.आई.वी उपचार परिवर्तन सम्बन्धी जानकारीयाँ
- एच.आई.वी की दवाइयों के नकारात्मक प्रभावों से बचना अथवा इसका नियन्त्रण कराना ।

ये उपलब्ध किताबे आपके उपचार के आधारभूत तरिके तथा उपचार द्वारा अधिक फायदा लेने के विषय मे अधिक जानकारियाँ उपलब्ध कराती हैं । इन किताबों में समझने मे कठिन शब्दो जैसे सि.डी.फोर, भाईरल लोड दवाओ का प्रतिरोध आदि के विषय में विस्तृत रुप मे जानकारी दी गई है । ये किताबे हिन्दी में भी उपलब्ध होने के कारण आप इसका अध्ययन करेगे, यह हम आशा करते है ।

माँ का स्वास्थ्य कैसे ठीक रख

एक स्वास्थ बच्चा पैदा करने के लिए माँ का स्वास्थ होना तथा उपचार मे ध्यान देना सबसे अधिक जरुरी बात है। एच.आई.वी संक्रमित गर्भवती महिलाओं को सर्वप्रथम अपने स्वास्थ्यका देखभाल करना आवश्यक होता है यह बात कई अनुसंधान कर्ता भूल जातें हैं। एच.आई.वी संक्रमित महिलायें गर्भवती होते समय बच्चे के स्वास्थ्य के प्रति अधिक ध्यान केन्द्रित होने से वे अपने आप भी तथा स्वास्थ्य कर्मीयो द्वारा भी यह बात याद नही रहती। आपको यह बात नही भूलना चाहिए। आपके स्वास्थ्य सम्बन्धी देखभाल बहुत ही आवश्यक है।

आपका उपचार गर्भाधारण से पहले जिस प्रकार किया जा रहा था उसी प्रकार होना चाहिए। कभी ऐसी स्थिति भी हो सकती जब ऐसा नही किया जा सकता है। इन समस्याओ के बारे मे इस किताब मे बाद मे बातचीत किया जायेगा।

आपसे बच्चे मे होने एच.आई.वी संक्रमण के रोकथाम तथा बच्चे के स्वास्थ का सीधा सम्बन्ध आपके अपने स्वास्थ सम्बन्धी देखभाल से होता हैं। एक एच.आई.वी संक्रमित गर्भवती महिला को बच्चा पैदा होने से पहले दिया जाने वाला परामर्श (प्रिनेटल काउन्सेलिङ्ग) के अर्न्तगत आने वाली बाते इस प्रकार है :

- माँ से बच्चे मे होने वाले एच.आई.वी संक्रमण के रोकथाम के विषय मे सलाह तथा बातचीत
- वर्तमान स्थिति मे माँ को अपने एच.आई.वी उपचार बारे जानकारी
- भविष्य मे माँ को उपचार के विषय मे जानकारीयाँ
- आपका बच्चा बढ़ा होने साथ ही वह आपको स्वास्थ्य देखना चहता है। आप भी उसको स्कूल जाते हुए व्यस्क देखना चाहते हैं।

एच.आई.वी संक्रमित गर्भवती महिलाओं को समिश्रण प्रविधी द्वारा सफलता पुर्वक उपचार कर रहे डाक्टरो के अनुसार उनकी देखभाल सम्बन्धी महत्वपूर्ण निर्देशनो के बारे मे संक्षिप्त जानकारी इस प्रकार है :

- माँ द्वारा अपने गर्भावस्था सम्बन्धी निर्णय अपने आप लेना चाहिए। इस अवस्था मे अपनी उपचार प्रविधी अपने आप चुनाव करना चाहिए।
- स्वास्थ्य कर्मी द्वारा एसी जानकारी, शिक्षा तथा परामर्श, उपलब्ध कराना चाहिए। जोकि स्वार्थ रहित हो।
- अवसर वादी संक्रमणों का उपयुक्त प्रभावकारी उपचार होना चाहिए।
- गर्भावस्था मे एच.आई.वी संक्रमण का विशेष ध्यान रखना चाहिए विशेषता बच्चा पैदा होने के समय में।
- वाइरल लोड ५० कपि प्रति एम.एल से निचे रखने के लिए एच.आई.वी विरुद्ध की दवाओ का प्रयोग करना चाहिए।
- माँ को एच.आई.वी दवाइयो को प्रतिरोध से बचने के लिए अच्छी तरह से उपयुक्त तरीके से उपचार करना चाहिए।
- कब और कैसे बच्चा पैदा करना है यह इस बारे उपयुक्त जानकारी द्वारा स्वयं ही निर्णय लेना चाहिए।

बच्चे के लिए माँ के स्वास्थ्य से महत्वपूर्ण बात और कुछ भी नहीं होता ।

गर्भधारण की योजना बनाते समय

गर्भधारण के पहले गर्भधारण की योजना तथा बच्चा पैदाईस के बारे मे आपके अधिकार आदी अधिकतर एच.आई.वी संक्रमित महिला एच.आई.वी संक्रमित होते हुये भी या जानते हुए भी गर्भवती होना चाहती हैं या होती हैं । बहुत सी महिलाए गर्भधारण से पहले से ही एच.आई.वी दवाओ का सेवन कर रही होती हैं । यदी आपको अपने संक्रमित होने की जानकारी पहले से ही है, तब आपने गर्भधारण सम्बन्धी सम्भावनाओ के विषय मे पहले से ही बातचीत किया होगा । या कर चुके होंगे । यदि आप गर्भधारण का विचार कर रहे है तब आपके स्वास्थ्य कर्मी द्वारा आपको दिये जाने वाली सलाहः

- अपने स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देना
- उपयुक्त परीक्षण करवाना
- यौन सम्पर्क द्वारा होने वाले संक्रमण या एस.टि.आई होने पर उपचार करवाना

इस बात से विश्वस्त होना चाहिए कि आपको एच.आई.वी के लिए उपयुक्त उपचार और देखभाल प्राप्त हो रहा हैं । सन्तान की चाहना रखने वाले एच.आई.वी संक्रमित व्यक्तियो के साथ भदेभाव का व्यवहार किया जाता था लेकिन अब इसमे कुछ परिर्वतन आ रहा है । इस प्रकार के भेदभाव से आने वाली समस्याओ से बचने के लिए निम्न उपाय अपना सकते हैं ।

- बच्चे पैदाइस के बारे मे आपके निर्णय को समर्थन करने तथा इस निर्णय को सकारात्मक मानने वाले प्रसुति गृह या स्वास्थ्य कर्मी का चुनाव किजिए ।
- आपके निर्णय का सर्मथन न करने पर आप एच.आई.वी उपचार मे अधिक अनुभव प्राप्त डाक्टर तथा स्वास्थ्य कर्मी से सम्पर्क करे ।
- बच्चे पैदा करने के बारे मे सलाह और समर्थन तथा बच्चा पैदा करने के आपके अधिकारो जानने के लिए एच.आई.वी उपचार और देखभाल केन्द्र से सम्पर्क कर सकते है ।

यदि दोनो मे एक एच.आई.वी पोजिटव, एक एच.आई.वी नेगेटिव हो तब कया करना चाहिए ?

एसी स्थिति को सेरोडिफरेन्ट या दोनो मे एक नगेटिव और एक पोजिटव है, यह जानकारी प्राप्त होती है । ऐसी अवस्था मे दिया जाने वाले परमर्श के बारे मे काफी विवाद हैं ।



सेरोडिफरेन्ट जोडी मे असुरक्षित यौन सम्पर्क उपयुक्र वा सुरक्षित नही माना जाता है । तथा एच.आई.वी का एक से दुसरे में होने की सम्भावना हर पल रहती है । ऐसी स्थिति मे यदि महिला एच.आई.वी संक्रमित नही है तथा पुरुषएच.आई.वी संक्रमित होने पर असुरक्षित यौन सम्पर्क द्वारा महिला मे एच.आई.वी संक्रमण की सम्भावना पुरुष के वीर्य मे पाये जान वाले वाइरस की सूंख्या (वाइरल लोड) पर निर्भर करता है । यह बात यमद रखना पडता है कि यदि रक्त परीक्षण द्वारा वाइरल लोड ५० कपि प्रति एम.एल से निचे होने पर भी वीर्य मे होने वाले तरल पदार्थ में भी वाईरस की सख्या (वाइरल लोड) ५०कपि प्रति एम.एल निचे ही होगा ।

जिन पुरुषों मे एच.आई.वी संक्रमण नही है उनके द्वारा असुरक्षित यौन सम्पर्क करने पर एच.आई.वी संक्रमण की सम्भावना महिला के यौनी मे रहे तरल पदार्थ के वाइरल लोड की संख्या पर निर्भर करता है । यहाँ भी रक्त के वाइरल लोड की संख्या एक समान नही भी हो सकता है । जैसे किसी एक पुरुष के लिङ्ग के उपरी भाग की त्वचा कटी हुई न होने पर उसको एच.आई.वी संक्रमण की सम्भावना लिङ्ग के उपरी भाग की त्वचा कटे व्यक्तियो से अधिक होती है । इसी कारण एच.आई.वी नेगेटिव महिला द्वारा लिङ्ग के उपरी भाग की त्वचा बिना कटे व्यक्ति के साथ यौन सम्पर्क रखने पर एच.आई.वी संक्रमण का खतरा अधिक होता है, क्योकि ऐसे चर्म के भागो मे संक्रमण की सम्भावना अधिक होता है ।

गुप्ताङ्गों मे होने वाले अन्य संक्रमण द्वारा या एस.टि.आई द्वारा भी यौन सम्पर्क में एच.आई.वी संक्रमण का खतरा बढ् जाता है । इस लिए सेरोंडिफरेन्ट जोडियों द्वारा इस प्रकार के संक्रमण का भी परीक्षण कराना चाहिए । यदि इस प्रकार एस.टि.आई संक्रमण होने पर उपचार करवाना चाहिए । पुरुषो द्वारा वीर्य परीक्षण करवाना चाहिए ऐसा करने से अन्य संक्रमण होने पर इसकी जानकारी प्राप्त होती है । और इसके वर्यि की संख्या और स्वस्थ के विषय मे यी सही जानकारी प्राप्त होती है ।

एच.आई.वी संक्रमण की इन बातो का ध्यान से अध्ययन करने पर एच.आई.वी वाइरस संक्रमण के लिए एक कठिन वाइरस है । तथ्याङ्क के आधार पर एच.आई.वी संक्रमण का प्रतिशत गर्भधारण के प्रतिशत से कम होता है । इस कारण महिला का गर्भधारण समय मे एच.आई.वी पोजेटिव साथी का वाइरल लोड कम होने पर (५० कपि प्रति एम.एल से) कुछ मात्रा मे असुरक्षित यौन सम्पर्क रखने पर भी एच.आई.वी संक्रमण की सम्भावना कम ही होती है । पर एच.आई.वी नेगेटिव पार्टनर को एक बार असुरक्षित यौन सम्पर्क से भी एच.आई.वी संक्रमण की सम्भावना होती है । इस बात को नकारा भी नही जा सकता । कई व्यक्तियो मे एक बार असुरक्षित यौन सम्पर्क द्वारा गर्भ रह सकता है, और एक बार असुरक्षित यौन सम्पर्क से एच.आई.वी का संक्रमण भी हो सकता है ।

एच.आई.वी नेगेटिव महिलाओ तथा एच.आई.वी पोजेटिव पुरुष के विषय मे किये गये एक अध्ययन मे उन महिलाओ के बीच मे ४ प्रतिशत महिलाओं में एच.आई.वी संक्रमण पाया गया । अधिक लोग इस खतेर को स्वीकार नही करते । यहाँ एक बात पर हमे विशेष ध्यान देना चाहिए । यदापि असुरक्षित यौन सम्पर्क द्वारा बहुत कम लोग ही एच.आई.वी संक्रमण से सुरक्षित होने पर भी कुछ लागे असुरक्षित यौन सम्पर्क को कायम रखते है जिससे नेगेटिव पार्टनर को भी एच.आई वी संक्रमण होने की सम्भावना अधिक होती है ।

एच.आई.वी ऐसी विमारी है, जिसका संक्रमण होने से बाँकी जीवन मे इसका बहुत बड्ा प्रभाव पढ्ता है । यदी आपका पार्टनर या आप अभी तक एच.आई.वी संक्रमित नही है तब सन्तान उत्पत्ति के लिए इस खतेर को मोल लेना बुद्धिमानी नही है । फिर भी यदि आप सन्तान की इच्छा रखते है तब पार्टनर को खतरा न होने वाले अन्य उपाय भी हैं । ये उपाय निम्न है ।

पुरुष एच.आई.वी पोजेटिव तथा महिला एच.आई.वी नेगेटिव होने पर ...

पुरुष एच.आई.वी पोजेटिव तथा महिला एच.आई.वी नेगेटिव होने पर विर्य सफाई या र्स्पम वासिङ्ग नामक प्रविधी का प्रयोग कर सकते हैं । इस प्रविधी मे पुरुष के वीर्य की एक मात्रा लेकर एक विशेष यन्त्र द्वारा इसको हिलाते हैं । ऐसा करने से वीर्य के कोष, वीर्य मे रहे तरल पदार्थ से (सेमीन्ल फ्लूड) मे अलग होते हैं । वीर्य के इस तरल पदार्थ मे ही एच.आई.वी संक्रमित सफेद रक्त कण होते है पर वीर्य मे नही होता । तरल पदार्थ से मुक्त वीर्य का एच.आई.वी परीक्षण किया जाता है । तथा यह एच.आई.वी मे सुरक्षित प्रमाणित होने पर एक क्यादरटर नामक यन्ज द्वारा महिला के गर्भाशय में (डाला) जाता है ।

यदि पुरुष में वीर्य की मात्रा कम होने पर आई.भि.एफ प्रविधी का प्रयोग किया जाता है । वीर्य से तरल पदार्थ अलग करने की प्रविधी का प्रयोग किया जाता है । वीर्यसे तरल पर्दाथ अलग करने की प्रवित्री पहली बार एक इटालियन डाक्टर द्वारा खोज किया गया था ।

इस स्पर्म वासिङ्ग प्रविधी प्रयोग से पुरुषों द्वारा महिलाओं में एच.आई.वी संक्रमण होने घटना अभी तक नही हुआ है । इस प्रविधी के प्रयोग द्वारा ६०० से भी अधिक एच.आई.वी नेगेटिव बच्चे पैदा हुए हैं । इसी कारण से यह प्रविधी एच.आई.वी संक्रमित पुरुष द्वारा एच.आई.वी नेगेटिव महिलाओ को एच.आई.वी संक्रमण से सुरक्षित रुप में गर्भधारण कराने की सुरक्षित और विश्वासनिय प्रविधी है ।

महिला एच.आई.वी पोजेटिव तथा पुरुष एच.आई.वी नेगेटिव होने पर ...

इस स्थिति के लिए उपाय आसान है । इस स्थिति में पुरुष के वीर्य को एक प्लास्टिक के सिरिन्ज मे रखकर महिला खुद अपनी योनी मे रख सकती है । यह अपने पुरुष पार्टनर को एच.आई.वी संक्रमण से बचाने का सबसे सरल और सुरक्षित माध्यम है ।

महिलाओ द्वारा ओभ्युलेशन अथवा गर्भ रहने के सम्भाववित अवधि में अपने पुरुष साथी का वीर्य अपने योनी मे अधिक से अधिक अन्दर सिरिज के सहयोग से रखना चाहिए । ओभ्युलेशन महिलाओ के महिनावारी चक्र के

बिच का समय होता है। मासिक धर्म के १० वे दिन से २४ वें दिन तक होता है।

अलग अलग क्लिनिक द्वारा अलग अलग प्रविधीयो के प्रयोग के विषय मे सुझाव देते हैं। एक सरल उपाय अपने पार्टनर को एक बरतन मे वीर्य गिराने के लिए कहना और सिरिन्ज द्वारा अपने योनी मे रखना। यह सामान आपको आपके क्लिनिक मे उपलब्ध हो सकता है। इस प्रविधी के प्रयोग बारे सुझाव भी दे सकते हैं। जिससे इस प्रविधी के प्रयोग का समय और ओभ्युलेशन का समय कैसे मिलायें यह भी समावेश किया जाता है।

महिला और पुरुष दोनो एच.आई.वी पोजेटिव होने पर ...

दोनो एच.आई.वी पोजेटिव होने पर भी डाक्टर दोनोको सुरक्षित यौन सम्पर्क की सलाह देते हैं। ऐसा करने का कारण दोनो मे एच.आई.वी पुना संक्रमित न हो। संक्रमित पुरुष और संक्रमित महिला बीच असुरक्षित यौन सम्पर्क होने पर एक नयी प्रजाती के एच.आई.वी वाइरस का जन्म होने से दोनो पुनः संक्रमित होते हैं।

इस प्रकार से पुनः संक्रमण की सम्भावना बहुत ही कम होने पर भी ऐसा सम्भव है। आपके द्वारा गर्भधारण के और अधिक बार यौन सम्पर्क करने पर पुनः संक्रमण की सम्भावना और बढ् जाती है। पुनः संक्रमण के विषय मे जानने योग्य बाते इस प्रकार है।

- एच.आई.वी संक्रमित पार्टनर से पुनः संक्रमण की सम्भावना उनके वाइरस की संख्या (वाइरल लोड) की मात्रा से सम्बन्धित हो सकता है।
- यदि एक पार्टनर का एच.आई.वी उपचार सफल हो रहा है तथा दुसरे पार्टनर मे अभी उपचार आरम्भ नही किया है, उसके वाइरस की संख्या (वाइरल लोड) अधिक है ऐसी स्थिति में पुनः संक्रमण की सम्भावना और बढे जाती है।
- यदि एक पार्टनर मे एच.आई.वी दवाइयों के प्रति प्रतिरोध उत्पन्न हुआ हैं तब पुनः संक्रमण की सम्भावना गम्भीर रुप ले सकती है।

यदि आप नियमित रुप में सुरक्षित यौन सम्पर्क करते है तब आपको गर्भाधारण की सम्भावना वाले दिनों में सिमित मात्रा मे असुरक्षित यौन

सम्पर्क की सलाह दी जाती है। आप भी सेरोडिफरेन्ट जोडो को दिये जाने वाले परामर्श का अनुकरण कर सकते हैं।

असुरक्षित यौन सम्पर्क करने वाले एच.आई.वी पोजेटिव पार्टनर द्वारा गर्भधारण के लिए असुरक्षित यौन सम्पर्क करने मे और अधिक खतरा नही होता। सन्तान पैदा करने के लिए किये जाने वाले निर्णय बहुत व्यक्तिगत होते है। इनके द्वारा होने वाले नुकसान बारे जानकारी तथा खतरे की समभावना के विषय मे निर्णय भी व्यक्तिगत ही होते हैं।

गर्भधारण के सभी तरिके अथवा प्रविधियो मे होने वाले खतरे तथा खर्च और सफलता की सम्भावनाओं की मात्रा अलग अलग होती है । ये बाते प्रविधी के प्रत्येक प्रयोग के साथ बढ्ते जाते हैं ।

यदि आप गर्भधारण के विषय मे सोच रहे हैं, तब आपको इन बातो के विषय मे अपने पार्टनर से बातचीतका समय निर्धारण किजिए । ऐसा करने से दोनो की सहमति का निर्णय निकलेगा ।

यदि मुझे गर्भभारण मे कठिनाई हो रही है तब क्या मै सहायता प्राप्त कर सकती है ?

प्रत्येक व्यक्ति के समाने ऐसी समस्याये आ सकती हैं। गर्भधारण न होने की समस्या किसी एक के पोजेटिव होने या न होने से सम्बन्ध नही रखती है। ऐसी अवस्था मे आप बहुत कुछ कर सकते हैं। आपके द्वारा किये जाने वाली इन बातों को पहले कुछ सफलता प्राप्त होने परभी ये बाते कहने मे बहुत आसान है, पर करने मे कठिन हाती हैं।

यदि आपमे गर्भधारण सम्बन्धी समस्याये हैं तब अपने डाक्टर से विभिन्न गर्भधारण करवाने वाली प्रविधी के विषय मे जानकारी प्राप्त करे। और साथ ही गर्भधाण कराने वाले क्लिनिक के विषय में जानकारी प्राप्त करें।

क्या गर्भधारण सम्बन्धी उपचार सेवा एच.आई.वी संक्रमित के लिए भी उपलब्ध है ?

गर्भधारण सम्बन्धी उपचार सेवायें एच.आई.वी संक्रमित के लिए भी उपलब्ध है। गर्भाधारण की क्षमता आप एभ.आई.वी पोजेटिव होने व नहोने पर भी उतना ही जरुरी होता है।

एच.आई.वी नेगेटिव व्यक्तियो को गर्भधारण की क्षमता सम्बन्धी सेवा एच.आई.वी पोजेटिव व्यक्तिको भी उपलब्ध किया जाना चाहिए। परीक्षण का स्तर भी समान होना चाहिए। ये सेवायें आप एच.आईवी पोजेटिव होने के कारण उपलब्ध कराने में प्रतिकार हो सकता है।

ऐसा होने पर आपको सम्बन्धित स्थान पर कम्प्लेन करना चाहिए। आपकी स्थिति समझने वाले तथा एच.आई.वी सम्बन्ध मे अनुभवी स्वास्थ केन्द्र कम चुनाव कर सकते हैं।

बच्चे के जन्म से पहले किये जाने वाली देखभाल और एच.आई.वी उपचार



प्रीनेटल केयर को एन्टी नेटल केयर भी कहते है। आप गर्भवती होने पर और बच्चा पैदा होने से पहले आपको दिया जाने वाली देखभाल ही प्रीनेटल केयर है। प्रीनेटल केयर दवाइयों और परीक्षण मे सिमित नही होता, इसके अर्न्तगत परामर्श सेवा तथा विभिन्न प्रकार की जानकारीयाँ भी इससे समाविष्ट होती हैं। इससे आपके स्वास्थ्य सम्बन्धी जानकारीयाँ जैसे व्ययाम करना, धुम्रपान का त्याग आदि आते हैं।

एच.आई.वी उपचार और देखभाल से सम्बन्धित अन्य बातें की तरह इससे भी एच.आई.वी पोजेटिव महिलाओं का स्वास्थ्य उपचार तथा देखभाल के लिए अनुभवी स्वास्थ्य कर्मी का होना जरुरी है। आपके स्वास्थ्य उपचार तथा देखभाल से सम्बन्धित स्वास्थ्य कर्मी को माँ से बच्चे मे होने वाले एच.आई.वी संक्रमण तथा एच.आई.वी और स्वास्थ्य सम्बन्धी देखभाल के लिए हाल मे हुये विकास अनुसंधान के विषय जानकारी होना जरुरी है।

क्या प्रत्येक एच.आई.वी संक्रमित महिला को गर्भवती होने पर एच.आई.वी उपचार की आवश्यकता होती हैं ?

कम समय के लिए भी प्रत्येक एच.आई.वी संक्रमित महिला द्वारा गर्भवती होने पर एच.आई.वी उपचार आरम्भ करना पढ्ता है। यह उपचार कम समय के लिए होने पर भी आरम्भ करना आवश्यक है चाहे तो बच्चे के जनम के बाद इसे रोक सकते हैं। यह आपके सि.डि फोर काउण्ट और वाइरल लोड पर निर्भर करता है। एच.आई.वी संक्रमित गर्भवती महिाओं का उपचार तथा देखभाल, साधारण स्वास्थ महिलाये जो गर्भवती नही है, उन्ही की तरह से करने की सलाह दी जाती है। फिर भी एच.आई.वी संक्रमित महिलाओं मे दिये जाने वालाउपचार तथा उपचार सम्बन्धी परामर्श

आदि एच.आई.वी संक्रमित व्यस्को को दिये जाने वाले उपचार तथा परामर्श से भिन्न होता है ।

कभी कभी लोगं अपना एच.आई.वी उपचार कुछ समय के लिए ही जारी रखते हैं । उसके बाद बन्द करते है । अधिकतर ऐसा गर्भवती महिलाये बच्चे पैदा होने के बाद करती हैं ।

गर्भवती महिलाओ को भी साधारण महिलाओ जैसे ही एच.आई.भी उपचार

- यह एच.आई.वी संक्रमित महिला गर्भवती होने पर प्रायः प्रयोग किया जाने वाला वाक्य है । इसका अर्थ एच.आई.वी संक्रमित गर्भवती महिलाओं की तरह की उपचार करना चाहिए जो गर्भवती नही है ।
- पर कुछ स्थितियों मे यह लागु नही होता है । विशेषतः यदि आपको अपने एच.आई.वी के उपचार आवश्यकता नही है । अधिकतर प्रयोग होने वाले कुछ दवाओ के सम्बन्ध में हैं ।

यदि मुझे एच.आई.वी उपचार की आवश्यकता नही है तो क्या करे ?

यदि आपको प्रतिरक्षा कोशों अथवा सिडी फेर की संख्या लगभग २०० सेल पर मि.मि क्यूब है तब आपको एच.आई.वी उपचार आरम्भ करना चाहिए । इस प्रकार का निर्देशन प्राय दिया जाता है । यदि आपको एच.आई.वी सम्बन्धी स्वास्थ्य मे समस्या नही है । और आपको सिडी फोर की सख्या २०० सेल पर मि.मि क्युब से अधिक होने पर एच.आई.वी उपचार की सलाह नही दी जाती है ।

फिर भी एच.आई.वी उपचार द्वारा, उपचार से पहले वाइरल लोड कम (१००० कपि प्रति एम एल से कम) है उन माताओं से भी बच्चो मे होने वाले एच.आई.वी संक्रमण की सम्भावना को कम कर सकता है । यह बात अध्ययनो द्वारा बताया गया है । इस प्रकार संक्रमण दर उपचाराधीन जो महिलाये नही है । उनके द्वारा १० प्रतिशत तथा एच.आई.वी विरुद्ध दवाइयों द्वारा उपचार करारही महिलाओ मे यह हर १ प्रतिशत है ।

इसलिए सभी एच.आई.वी पोजेटिव गर्भवती महिलाओं द्वारा एच.आई.वी उपचार कराना आवश्यक है । उन महिलाओ द्वारा उपचार उपचार सेवन

करना जरुरी है जिनका सि.डि फोर काउण्ट २०० सेल पर मि.मि कयूब से उपर है तथा पहले एच.आई.वी उपचार कभी नही किया गया है ।

जिन गर्भवती महिलाओ का सिडी फोर काउण्ट अधिक उनके द्वारा प्रयोग करने के लिए उपयुक्त दो तरिके निम्न लिखित है ।

- स्टार्ट अर्थात् कम समय के लिए एच.आई.वी विरुद्ध की दवा (शॅट टर्म एन्टीरेट्रोवाइरल थेरापी) ये गर्भावस्था के २५ से २८ सप्ताह के अन्दर करना चाहिए ।
- एच.आई.वी के एक मात्र दवा का प्रयोग प्रविधी के अर्न्तगत ए.जे.टि को तीन भाग मे विभाजित करके प्रयोग द्वारा सि सेक्सन विधी अपनाना

आपको इन दो तरिको के फायदा ओर नुकसान को पहचानना चाहिए । किस विधी का प्रयोग करे इस बारे में अच्छी तरह सोच विचार करके निचे दिए गये फायदे और नुकसान के विषय में विस्तृत बातचीत द्वारा ही निर्णय किजिए ।

जब महिलाओं के स्वास्थ्य स्थिति मे सुधार आता है । तब वे प्रसन्न होती हैं और परिवार के भविष्य निमार्ण के बारे में सोच सकती हैं ।

स्टार्ट के फायदे

- एच.आई.वी के तीन दवाओ के प्रयोग द्वारा आपके वाइरल लोड को ५० कपि प्रति एम.एल से कम होने पर माँ से बच्चे से एच.आई.वी संक्रमण की सम्भावना बहुत कम होती है ।
- एच.आई.वी के तीन दवाओ के प्रयोग द्वारा दवाओ के प्रति आपमे होने वाला प्रतिरोध की सम्भावना को भी कम करना है । जिससे भविष्य मे आप उपचार के अन्य प्रविधी का सुरक्षित रुप से चयन कर सकते हैं ।
- ऐसा करने से आप बच्चे के पैदाईस के तरिके मे भी चुनाव कर सकते है ।

स्टार्ट के नुकसान

- एक से अधिक दवाओ के नकारात्मक प्रभावो का असर आपके बच्चे पर पढ् सकता है ।

ए.जे.टि सिसेक्सन के फायदे

- इसके द्वारा माँ से बच्चे मे होने वाले एच.आई.वी संक्रमण की सम्भावना बहुत कम होती है । (लगभग १ प्रतिशत)
- इस प्रविधी के प्रयोग से आपको कम दवाओं का सेवन करना पढ्ता है ।

ए.जे.टि / सिसेक्सन के नुकसान

- शिजेरन सेक्सन अथवा सि सेक्शन एक बडा आपरेशन है, क्या इससे माँ को अधिक नुकसान हो सकता है । इस किताब मे बच्चे के जन्म के बाद की अवस्था मे इस विषय मे विस्तृत जानकारी दी गई है ।
- ए.जे.टि दवाओ के प्रति आप में हल्का प्रतिरोध उत्पन्न होने की सम्भावना होती है । जिससे ए.जे.टि परिवार के अन्य दवाओ के प्रति यी प्रतिरोध की सम्भावना होती है ।

दुसरा तरीका (ए.जे.टि । सिसेक्सन), सिडीफोर काउण्ट अधिक होने पर तथा वाइरल लोड जिनका कम है कुछ वर्षो तक ए.आर.वी उपचार की अवश्यकता न हो ऐसी स्थिति की महिलाओ के लिए ही उपयुक्त है ।

यदि मैं एच.आई.वी पोजेटिव हुँ और मुझे एच.आई.वी उपचार आवश्यक हो तो क्या करना चाहिए ?

आप एच.आई.वी संक्रमित है यह बात अगर आप गर्भवती होने के बाद ही मालुम हो सकता है । ऐसी स्थिति व्यवहारिक तथा भावनात्मक रुप से बहुत कठिन होता है । यदि एसी स्थिति में सहयोग की आवश्यकता पड्ने पर और अधिक सहयोग माँग सकते हैं ।

सिडीफोर २०० सेल पर मि.मि क्यूब से निचे होने पर गर्भवती महिलाओ के साथ ही सभी एच.आई.वी संक्रमित व्यक्तियों को उपचार आरम्भ करने की सलाह दी जाती है । आपका एच.आई.वी उपचार आप गर्भवती होने के बाद किस समय मे यह मालुम हुआ कि आप एच.आई.वी संक्रमति हैं आपका उपचार इसी बात पर निर्भर करता है ।

यदि संक्रमण के बारे मे आप गर्भवती होने के बाद बहुत जल्दी ही इसकी जानकारी प्राप्त होने पर भी गर्भधारण के प्रथम चरण के अन्ततक आपको

उपचार कराने मे उत्सुकता नही भी हो सकती है । गर्भावस्था के प्रथम चरण अर्थात् महावारी बन्द होने के बाद १२ से १४ सप्ताह तक है । यदि आपको अपने एच.आइ.वी संक्रमण के बारे मालुम है तथा अभी तक आपने उपचार आरम्भ नही किया है तब गर्भावस्था के प्रथम चरण (१२ से १४ सप्ताह) समाप्त होने से पहले आपको एच.आई.वी उपचार की इच्छा नही भी हो सकती है ।

एच.आई.वी उपचार आरम्भ करने मे देर होने के मुख्य दो कारण है :

गर्भ मे पल रहे बच्चे का मुख्य अगं प्रथम १२ सप्ताह में विकसित होने के कारण एच.आई.वी उपचार आरम्भ करने में देरी होती है । गर्भावस्था प्रथम १२ सप्ताह को अर्गनोजेनेगिस कहते हैं । इस अवधि में गर्भ के अन्दर पल रहे बच्चे को एच.आई.वी दवाईयों के साथ अन्य दवाओ का भी नकारात्मक प्रभाओ का जल्दी ही आसानी से प्रभाव पढ्ता है ।

यदापि अध्ययनो द्वारा तुलनात्मक रुप में गर्भावस्था के प्रथम चरण मे एच.आई.वी उपचार जिन माताओ मे प्रयोग नही किया है । और जिन माताओ द्वारा प्रथम चरण मे ही इसका प्रयोग किया है उन माताओ के बच्चो में नकारात्मक प्रभावों के खतरे मे वृद्धि को नही दिखाया गया है । फिर भी कुछ महिलाओ तथा डाक्टरो द्वारा गर्भावस्था के प्रथम चरण में एच.आई.वी उपचार नही करने अथवा न कराने की सलाह देते है ।

प्रथम चरण मे एच.आई.वी उपचार मे देर करने का कारण प्राय गर्भवती महिलाओ को गर्भावस्था के प्रथम चरण में मिचली अथवा उल्टी होने लगती है (विशेषता सुबह) प्रथम चरण मे मिचली आना (संक्रमित अथवा जो संक्रमित नही है) महिलाओ में गर्भावस्था मे होने वाली समस्या प्रक्रिया है । पर एच.आई.वी के एक दवा का भी इसी प्रकार का नकारात्मक प्रभाव होता है । इस प्रकार दोनो का असर एक साथ होने पर गर्भवती महिलाओ कठिनाई हो सकती है । इस प्रकार मिचली आने से आपका दवाइयों के प्रति नियमितता तथा अनुरुपता मे भी प्रभाव पढ् सकता है । यदि मिचली आने से आपको कठिनाई हो रही है तब आप दवाई सेवन मे भी नियमितता कायम नही भी रह सकती है ।

यदि आप मे मिचली आने की प्रक्रिया गर्भवती अवस्था के पहले चरण बाद भी कायम रहने पर यह और किसी समस्या का सकेत होने के कारण आप तथा आपके डाक्टर को इसे गम्भीर पुर्वक लेना चाहिए । यदि आप एच.आई.वी उपचार तुरन्त आरम्भ करना चाहते है । अथवा आपका सिडी फोर संख्या कम होने के कारण एच.आई.वी उपचार आरम्भ करने की स्थिति होने पर डाक्टर आपका एच.आई.वी उपचार आरम्भ करा देते है ।

अपने एच.आई.वी संक्रमित होने की बात मुझे गर्भवती होने के बाद देर से मालुम हो तो क्या करे ?

आपको यह बात कि आप एच.आई.वी संक्रमित है देर से प्राप्त होने पर उसी समय एच.आई.वी उपचार आरम्भ करने पर भी लाभ ही होता है । गर्भाधारण के ३७ सप्ताह बाद भी उपचार करने से भी आपका वाइरल लोड बिल्कुल ही कम होता है । एच.आई.वी उपचार की दवाइयों के समिश्रण प्रविधी को एक सप्ताह तक प्रयोग करने से भी आपका वाइरल लोड जल्दी ही अधिक मात्रा मे कम होता है । ऐसी अवस्था मे एच.आई.वी उपचार की कौन सी दवा उपयुक्त है इस विषय मे भी इसी किताब मे दिया गया है ।

यदि मुझे एच.आई.वी उपचार करते समय ही गर्भधारण हो तो क्या करें ?

अधिकतर महिलाये उपचार के क्रम मे ही गर्भधारण करने का निर्णय लेती हैं । यह एच.आई.वी उपचार मे हुए प्रगतिको दिखाती है । जो उपचार के क्रम मे है वे महिलाये प्रसन्न होती है । उनकी स्वास्थ्य स्थिति मे भी सुधार हो रहा होता है । वे अच्छे भविष्य को विषय मे सोचने लगती है, शायद परिवार निर्माण के विषय मे भी योजना बनाती हैं ।

कुछ महिलाये प्रयोग की जा रही एच.आई.वी उपचार दवाइयों को अपने गर्भावस्था के प्रथम चरण मे रोकने की चाहत भी रखती हैं । इसके लिए कुछ डाक्टरो द्वारा सहमति होने पर भी आजकल ऐसी बहुत कम मात्रा मे होता है, यह क्रम घट रहा है ।

यदि आपके द्वारा की जा रही एच.आई.वी उपचार से आपकी सिडीफोर की संख्या बढ् रही है, तब गर्भाधारण के पहले चरण मे एच.आई.वी उपचार रोक्ने का निर्णय कभी कभी लाभदायक भी हो सकता है । पर ऐसा निर्णय

सभी के लिए सुरक्षित नही होता इसके लिए गर्भावस्था मे अच्छी तरह परिक्षण करवाना आवश्यक है ।

कभी कभी एच.आई.वी उपचार कुछ अवधि के लिए बन्द करने पर वाइरल लोड की मात्रा ५० कपि प्रति एम.एल होनो कठिन होता है । इस प्रकार कुछ समय के लिए एच.आई.वी उपचार बन्द करने पर दवाओ के प्रति आपमे प्रतिरोध उत्पन्न हो सकता है । आजकल एच.आई.वी संक्रमित गर्भवती महिलाओ द्वारा अपने एच.आई.वी उपचार के क्रम जारी रखना प्रायः सामान्य बात हो चुकी है । अध्ययनो द्वारा माँ तथा बच्चे मे गर्भावस्था मे उपचार के प्रकार क्रम जारी रखने से होने वाले खतरे के प्रभाव मे किसी प्रकार के वृद्धि के संकेत नही है ।

गर्भावस्था में समय में प्रयोग दिये जाने वाली एच.आई.वी की दवाईयाँ

मेरे लिए कौन सी दवाईयाँ उपयुक्त हैं ?

एच.आई.वी उपचार से सम्बन्धित निर्णय लेने के लिए किसी प्रकार के विशेष नियम नहीं है । आपका उपचार व्यक्तिगत रुप मे होना चाहिए तथा यह उपचार आपके स्वास्थ्य और परिस्थिति के उपयुक्त होना चाहिए ।

एच.आई.वी विरुद्ध तीन दवाइयों का प्रयोग करने पर :

आपके समिश्रण मे ए.जे.टि का प्रयोग करने की सलाह देने की सम्भावना होती है । इसका कारण ए.जे.टि अभी भी गर्भावस्था में प्रयोग के लिए लाईसेन्स प्राप्त एक मात्रा दवा है । ए.जे.टि आपके एच.आई.वी उपचार मे सक्रिय है या नही यह जानने के लिए ए.जे.टि का प्रयोग करते समय आपने ए.जे.टि के साथ प्रतिरोध है या नही इसका परीक्षण करवाना चाहिए । यदि आपको अभी एच.आई.वी उपचार आवश्यक नही है तब आप स्टार्ट (गर्भाधारण के दुसरे चरण (२४से २८) सप्ताह के बिच मे एच.आई.वी की तीन दवाओं के समिश्रण प्रयोग विधी) प्रयोग कर सकते हैं । सम्भवता आपको इस प्रविधी अर्न्तगत ए.जे.टि तथा थ्री.टि.सि का प्रयोग कराया जाता है । क्योकि गर्भवती अवस्था में इन ये दवाइयो के बारे मे बहुत से तथ्यांक तथा जानकारीयाँ इस किताब मे दी गई हैं ।

पर शरीर में थ्री.टि.सी के साथ प्रतिरोध जल्दी होने के कारण केवल ये दो दवाइयों ही नही प्रयोग करना चाहिए । आपको इन दो दवाइयो के साथ एक दुसरी दवा का भी प्रयोग करना चाहिए । सम्भवतः एक प्रकार का प्रोटिएज इन्हिविटर हो सकता है । कौन कौन सी दवा प्रयोग करना चाहिए इस विषय मे निर्णय के लिए आपको अपने शरीर मे दवाओ के साथ प्रतिरोध परीक्षण जाँच कराने से आसानी होती है ।

ये प्रोटिएज इन्हिविटर, रिटोनाभिर के प्रयोग द्वारा सक्रिय किये गये स्याकुईनाभिर अथवा रिटोनाभिर के प्रयोग द्वारा सक्रिय किये गये लोपिनाभिर (कालेट्रा, जो

एक ही टेवलेट मे उपलब्ध है) या नेलफिनाभिर हो सकता है । यदि आप बच्चा पैदा होने के तुरन्त बाद उपचार रोकना चाहते हैं, तब ऐसी अवस्था में प्रोटिएज इन्हीविटर के प्रयोग से एक और फायदा भी होता है । आपका शररि प्रोटिएज इन्हिविटर को जल्दी ही प्रशोधित करता है । यदि आप इसको ए.जे.टि तथा थ्री.टि.सी के साथ प्रयोग कर रहे है तब आप अपने सम्पूर्ण उपचार को एक साथ ही रोक सकते है । क्योकि ऐसी अवस्था में भी इन दवाओ के प्रतिरोध की सम्भावना बहुत कम होती है।

अधिकतर प्रयोग की जाने वाली दुसरी दवा एन.एन.आर.टि.आई अर्न्तगत आने वाली नेभिरापिन भी है । यह दवाई भी गर्भावस्था मे प्रयोग की जाती है । सिडी फोर की संख्या २५० सेल पर मि.मि क्यूब उपर होने वाली महिलाओं में नभिरापिन के प्रयोग से जिगर में विषाक्तता उत्पन्न होने से यह महिलाओ के लिए हानिकारक भी हो सकती हैं । महिलाओं के इस समूह में जो गर्भवती नही है उन महिलाओं से गर्भवती महिलाये अधिक होने की सम्भावना अधिक है ।

